प्रारूप–11

(3)

# प्रतिवेदन

**परियोजना का नाम:–** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क **योजना** फेज–8 के अन्तर्गत जामक ब्याणा से स्याबा मोटर मार्ग का निर्माण (6.00 किमी0) के निर्माण हेतु वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव। (कुल वन भूमि 3.318 है0)

प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना फेज–8 के अन्तर्गत जनपद उत्तरकाशी के भटवाड़ी ब्लाक में ग्राम स्याबा कोड संख्या: जनसंख्या 366 (वर्ष 2001 की जनगणना के अनुसार) को मोटर मार्ग से जोड़ने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग ऋषिकेश–गंगोत्री मोटर मार्ग के मनेरी से 6.00 किमी0 लम्बाई में मोटर मार्ग का निर्माण किया जाना है। इस हेतु भारत सरकार के पत्र संख्या: पी 1760 / पी03–14 / यू0आर0आर0डी0ए0 / 09, दिनांक 14 दिसम्बर 2009 द्वारा प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। वर्तमान में इस गांव हेतु एक मात्र पैदल मार्ग ही उपलब्ध है, जिससे ग्राम वासियों को आवागमन, स्वास्थ्य, शिक्षा व घरेलू उपयोग की सामग्री के ढुलान हेतु अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड रहा है व गांव की पैदा होने वाली नगदी फसल को बाजार तक न पहुँचने से आर्थिक नुकसान भी हो रहा है।

मार्ग निर्माण हेतु आरक्षित वन क्षेत्र के अतिरिक्त अन्य कोई विकल्प न होने के कारण यह मार्ग आरक्षित वन भूमि के अर्न्तगत 4.130 किमी०, 0.610 किमी० सिविल वन भूमि तथा 1.260 किमी० नाप भूमि में निर्मित होकर ग्राम स्याबा तक निर्मित किया जायेगा।

अतः मार्ग निर्माण में पडने वाली आरक्षित व सिविल वन भूमि हस्तान्तरण, वृक्षों के पातन आदि के लिए यह प्रस्ताव स्वीकृति हेतु गठित किया गया है।

A. E.
सहायक अभियन्ता,
सिंचाई खण्ड, लो०नि०वि०,
उत्तरकाशी

अधिशासी अभियन्ता
सिंचाई खण्ड, लो.नि.वि.
उत्तरकाशी